तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 23 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 अधिकारी-कर्मचारी नियत समय पर कार्यालय में दर्ज कराये ...

10 सेल के मेहनतकशों को चाहिए 40 हजार से ...


2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

**प्रदर्शन :** जताया आक्रोश, भाजपा सरकार पर लगाए आरोप

# ईडी के खिलाफ कांग्रेस ने किया रायपुर-जबलपुर मार्ग पर चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

राज्य की आर्थिक नाकेबंदी और भाजपा सरकार की नीतियों के विरोध में सोमवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला मुख्यालय के बायपास मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग रायपुर- जबलपुर पर दोपहर 12 से 2 बजे तक चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करते हुए उसे घेरा।

## रविंद्र चौबे ने साधा निशाना

चक्काजाम स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार लोकतंत्र को कुचलने पर आमादा है। विपक्षी दलों को कुचलने के लिए अडानी-अंबानी के इशारे पर काम हो रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार अब देश में मिलिट्री शासन जैसी स्थिति लाने की कोशिश कर रही है, जिसका कांग्रेस डटकर विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को राजनीतिक द्वेष के चलते झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है। भाजपा जानती है कि भूपेश बघेल की आवाज जनमानस की आवाज बन चुकी है और उसे दबाना अब आसान नहीं है।

## पूर्व विधायक छाबड़ा ने उठाए सवाल

जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार देश के संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक ताने-बाने को तहस-नहस करना चाहती है। सीबीआई, ईडी जैसी संस्थाएं अब भाजपा की एजेंट बन चुकी हैं, जो भी भाजपा के खिलाफ बोलता है, उसे जांच एजेंसियों का डर दिखाकर चुप कराने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार उद्योगपतियों की गोद में बैठी है। एक तरफ पेड़ मां के नाम पर भावनात्मक राजनीति हो रही है, वहीं पूरी जंगल संपदा अडानी को सौंप दी जा रही है।

## नेताओं ने किया तीखा हमला

सभा को पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार एवं पूर्व संसदीय सचिव गुरु दयाल सिंह बंजारे ने भी संबोधित किया। दोनों नेताओं ने कहा कि भाजपा सत्ता के नशे में चूर होकर संविधान और कानून की धज्जियां उड़ा रही है। यह देश का दुर्भाग्य है कि संवैधानिक संस्थाएं अब सत्ता के इशारे पर काम कर रही हैं।

### प्रशासन रहा सतर्क यातायात प्रभावित

चक्काजाम के दौरान बायपास मार्ग पर यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा। प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था कर मार्ग का संचालन सुनिश्चित किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन सतर्क रहा और किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने दी गई।

### बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रहे मौजूद

चक्काजाम कार्यक्रम में जिलेभर से कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से ललित विश्वकर्मा, सुरेंद्र तिवारी, सुमन गोस्वामी, लुकेश वर्मा, राम बिहारी राजपूत, संतोष वर्मा, हरीश साहू, शशि प्रभा गायकवाड, बालकुमारी ध्रुव, सुशील जोशी, रवि परगनिया, शुभम वर्मा, मिथिलेश वर्मा, चंद्रप्रकाश साहू, विजय बघेल, अविनाश तिवारी, टीआर जनार्दन, ओम दाऊ, कविता साहू, मनोज शर्मा, रीता पांडे, रश्मि मिश्रा, रूबी सलूजा, रमा साहू, रवि रजक, प्रतिभा गीर, रीना साहू, शत्रुघ्न साहू, जोगिंदर छाबड़ा, पप्पू साहब, दीपक दिनकर, सनत धर दीवान, राजू साहू, प्रांजल तिवारी, राजा चौबे, अजय राज सेन, पप्पु नवाज खान, सुनील नामदेव, सिद्दीक खान, सुमित राजपूत, अर्पित परगनिहा, विक्की साहू, जयंत जांगड़े, प्रवीण शर्मा, प्रतीक दुबे, ऋतिक तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आकाशीय बिजली गिरने से नवदंपति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा



- परपोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम चेचानमेटा का मामला, दो माह पहले ही हुई थी शादी

परपोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम चेचानमेटा से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां खेत में काम कर रहे नवविवाहित दंपति की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार, ग्राम चेचानमेटा निवासी 26 वर्षीय भूपेंद्र साहू अपनी पत्नी 24 वर्षीय ज्योति साहू के साथ मंगलवार सुबह खेत में टमाटर लगाने गए थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और तेज गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में दोनों आ गए। दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि भूपेंद्र और ज्योति का विवाह इसी वर्ष 4 अप्रैल को हुआ था। विवाह के महज कुछ ही महीनों बाद ही दोनों पति-पत्नी इस हादसे का शिकार हो गए।

# राज्य स्तरीय लान टेनिस के लिए नौ खिलाड़ियों का चयन



**बेमेतरा।** राजनांदगांव में आयोजित संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा चयन प्रतियोगिता लॉन टेनिस और सॉफ्ट टेनिस में बेमेतरा जिला के सहायक क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार पाण्डेय, खेल शिक्षक जे आर रजक, काजल कुमारी, विष्णु धीवर, सोम प्रभ श्रीवास, जवाहर कुर्रे, बिसेन सिंह राजपूत सहित लगभग 60 बालक, बालिका खिलाड़ी 14, 17 और 19 वर्ष ने भाग लिया। बेमेतरा के प्रतिभागी बालक बालिका ने शानदार प्रदर्शन कर लगभग 40 ने राज्य स्तर पर अपना स्थान सुनिश्चित किया। जिसमें गोपालपुर से 9 बालक, बालिका का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ है। इस सफलता पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य विनोद कुमार शर्मा, प्रभारी प्रधान पाठक लालाराम कश्यप एवं सभी शिक्षक ने सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक बिसेन सिंह राजपूत को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### गुरुकुल स्कूल में तिरंगा अंगीकार दिवस मनाया गया

**नवागढ़।** गुरुकुल विद्यालय नवागढ़ में मंगलवार को तिरंगा अंगीकार दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने तिरंगा बनाकर राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट किया। नर्सरी के तुषार श्रीवास्तव द्वारा लाया गया तिरंगा विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा तुषार को तिरंगा बैज लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रशांत मार्कण्डेय, पलक सोनकर, पारुल यादव, युवराज, स्मृति साहू, लक्ष्य साहू, ओम विश्वकर्मा और ओजस्वी सोनकर द्वारा बनाए गए तिरंगों ने सबका ध्यान खींचा। इनमें ओम विश्वकर्मा के पिता भारतीय सेना में सेवा दे रहे हैं, जिससे कार्यक्रम को एक भावनात्मक आयाम भी मिला। विद्यालय के संचालक राजेश धर दीवान ने बच्चों को तिरंगे के महत्व पर संबोधित करते हुए बताया कि 22 जुलाई 1947 को हमारे राष्ट्रीय ध्वज को आधिकारिक रूप से अंगीकृत किया गया था। उन्होंने कहा कि केसरिया रंग साहस और बलिदान, सफेद रंग शांति और सच्चाई, हरा रंग समृद्धि और विकास का प्रतीक है, जबकि अशोक चक्र प्रगति और नैतिकता का संदेश देता है। दीवान ने अपील की कि सभी विद्यार्थी राष्ट्रध्वज के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और एक सशक्त भारत निर्माण में भागीदार बनें।

### छठवीं में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा का परिणाम घोषित

**बेमेतरा।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। यह परीक्षा 30 मार्च 2025 को शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा में संपन्न हुई थी। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उक्त परीक्षा का परिणाम कार्यालयीन समय में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। परीक्षा में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थी एवं उनके पालक परिणाम की जानकारी कार्यालय में प्राप्त कर सकते हैं। यदि किसी परीक्षार्थी को परिणाम के संबंध में कोई दावा या आपत्ति हो, तो वे संबंधित साक्ष्य व दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति 25 जुलाई 2025 ▸▸| शेष पेज 11 पर

# 11 नमूनों की जांच में मिला नकली खोवा और पनीर, 1.50 लाख का जुर्माना

**रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर खाद्य विभाग ने शुरू किया जांच अभियान**



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखते हुए जिले में विशेष खाद्य सुरक्षा जांच अभियान चलाया जा रहा है। त्योहार के समय आम जनता को गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध हो, इस उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन बेमेतरा द्वारा सघन निरीक्षण किया गया।

अभियान के तहत खोवा, कुंदा, मिल्ककेक, पनीर जैसे दुग्धजन्य उत्पादों की शुद्धता और गुणवत्ता की जांच के लिए बस स्टैंड क्षेत्र की मिठाई दुकानों, होटलों तथा बसों में निरीक्षण किया गया। नकली खाद्य पदार्थों की आशंका के चलते नवागढ़ स्थित वृंदावन वन डेयरी से पनीर और दही, लक्ष्मी जोधपुर स्वीट्स से खोवा और कलाकंद तथा बजरंग डेयरी बेमेतरा से खोवा एवं बर्फी के नमूने लिए गए। कुल 6 दुग्ध उत्पादों सहित खाद्य तेल, चॉकलेट, पान मसाला, घी एवं आटा के 5 अन्य नमूने भी संग्रहित कर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात दोषियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

इस दौरान विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वर्षा ऋतु में खाद्य परिसर में विशेष साफ-सफाई रखें, हैंड ग्लव्स एवं हेड कैप का उपयोग करें, शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करें एवं खाद्य वस्तुओं को ढंककर रखें, ताकि उनकी गुणवत्ता खराब न हो। इस अभियान के तहत पूर्व में पाए गए अवमानक खाद्य सामग्री के मामलों में दीपक होटल पर अवमानक बालूशाही विक्रय करने पर 50 हजार तथा मेसर्स शांति ट्रेडिंग कम्पनी, बेमेतरा को मिथ्याछाप कुकिंग सोडा बेचने के लिए 1 लाख का अर्थदण्ड लगाया गया है। कुल मिलाकर दोनों प्रतिष्ठानों पर 1.50 लाख का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। यह कार्रवाई एडीएम न्यायालय द्वारा की गई।

**समस्या और मांग पत्र लेकर जिलेभर से बड़ी संख्या में पहुंचे लोग**

# जनदर्शन में मिले 26 आवेदनों का तत्काल निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जनदर्शन में मंगलवार को जिले के विभिन्न विकासखण्डों से बड़ी संख्या में ग्रामीण व शहरी नागरिक अपनी समस्याएं, मांगें और शिकायतें लेकर पहुंचे।

जनदर्शन के दौरान कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से तात्कालिक महत्व के मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, वहीं गंभीर प्रकृति एवं जांच योग्य आवेदनों को टीएल पंजी में दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक आवेदक की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित अधिकारियों को दूरभाष अथवा प्रत्यक्ष बुलाकर त्वरित निर्देश दिए। मुख्य प्रकरणों में ग्राम भटगांव, तहसील देवकर के निवासी केजू सिंह ने आवास योजना अंतर्गत सहायता की मांग की। बेमेतरा नगर के सभी 21 वार्डों की मितानिनों ने सामूहिक रूप से मितानिन ट्रेनर को बदलने का आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम उमरावनगर, तहसील थानखम्हरिया के दीनदयाल ने स्थगन आदेश के बावजूद निर्माण कार्य जारी रहने की शिकायत की। ग्राम अमोरा, तहसील बेमेतरा की शारदा देवी सोनी ने विवादित आबादी भूमि पर बलपूर्वक निर्माण किए जाने की जानकारी शामिल हैं। इनके अतिरिक्त आमजन ने निराश्रित पेंशन, वृद्धावस्था एवं दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ, भूमि रकबा जोड़ने, आम रास्ता खुलवाने, खाद गड्ढा हटाने तथा बैटरी चालित ट्रायसायकल प्राप्त करने जैसी दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं को जनदर्शन में प्रस्तुत किया।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा प्रशासन जनहित को सर्वोपरि मानते हुए समस्याओं के निराकरण हेतु संकल्पबद्ध है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर मानवता एवं संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जनदर्शन के माध्यम से नागरिकों को शासन की योजनाओं से जोड़ने और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने का अवसर प्राप्त होता है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह अगस्त 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 अगस्त से 31 अगस्त तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 जुलाई 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100
नियम व शर्तें लागू
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

# सेल के बने फौलाद से एशिया की सबसे लंबी सुरंग में दौड़ेंगी गाड़ियां

## ज़ोजिला सुरंग परियोजना में 31 हजार टन से अधिक स्टील की आपूर्ति की

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

देश की सबसे बड़ी सार्जनिक इस्पात कंपनी स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा एशिया की सबसे लंबी सड़क सुरंग ज़ोजिला सुरंग परियोजना के लिए 31 हजार टन से अधिक स्टील की आपूर्ति की गई है। भारत की सबसे लंबी सड़क सुरंग और एशिया की सबसे लंबी दो-तरफ़ा सुरंग बनने के लिए तैयार है। सेल ज़ोजिला सुरंग परियोजना" में पार्टनर है।

सेल ने इस परियोजना में 31 हजार टन से ज़्यादा स्टील दिया है, जिसमें टीएमटी री-बार, स्ट्रक्चरल स्टील और प्लेट्स शामिल हैं। यह प्रोजेक्ट के 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है, और सेल लगातार स्टील सप्लाई कर रहा है, जो कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है। ज़ोजिला सुरंग जैसी बड़ी परियोजनाओं में सेल का योगदान देश के निर्माण में उसकी भूमिका को और मजबूत करता है। ज़ोजिला सुरंग 11,578 फीट की ऊँचाई पर, हिमालय के मुश्किल पहाड़ों में बनाई जा रही है। यह 30 किलोमीटर से भी अधिक लंबी सुरंग है। यह द्रास और कारगिल होते हुए, श्रीनगर और लेह के बीच, पूरे साल आवाजाही को आसान बनाएगी। यह सुरंग भारत के राष्ट्रीय अवसंरचना विकास, विशेष रूप से श्रीनगर-कारगिल-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग, का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे इस इलाके में आम लोगों और सेना दोनों के लिए आना-जाना बहुत आसान हो जाएगा।

### बांद्रा वर्ली सी लिंक में भी योगदान

यह परियोजना केवल एक रणनीतिक ढांचागत सुविधा ही नहीं है, बल्कि इस क्षेत्र के लिए एक बड़ा आर्थिक अवसर भी है। सेल की जोजिला सुरंग के लिए स्टील की आपूर्ति, देश की कई और प्रतिष्ठित ढांचागत परियोजनाओं, जैसे चिनाब रेलवे पुल, अटल सुरंग, बांद्रा-वर्ली सी लिंक, ढोला सादिया और बोगीबील पुलों को बनाने में योगदान देने की कंपनी की लंबी विरासत को और मजबूत करता है।



## खबर संक्षेप



### बीएसपी एक्स की बैठक में मेडिक्लेम पर चर्चा

**भिलाई।** बीएसपी एक्स-ओए की जीबीएम 20 तारीख को आयोजित की गई, जिसके बाद (1) एमजीएम आई इंस्टिट्यूट, रायपुर और (2) उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल, रायपुर द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बीएसपी पूर्व अधिकारी संघ की आम सभा की बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता बीएसपी पूर्व ओए के अध्यक्ष सरोज रंजन दास ने की। उन्होंने 11 महीने के भत्ते के बकाया भुगतान की वर्तमान स्थिति, सेल मेडिक्लेम योजना और बीओएसईसी सुपर टॉप-अप सुविधा, ईपीएस 95 पेंशन, संशोधित ग्रेच्युटी पर सुको का मामला, बीएसपी अस्पताल से संबंधित आदि समस्याओं संविदा के आधार पर काम करने वाले विशेषज्ञ डॉक्टरों की अग्रिम नियुक्ति आदि की जानकारी सदस्यों को दी। ओए अध्यक्ष और सेफी चेयरमैन नरेंद्र बंछोर, और महासचिव परविंदर सिंह ने भी 11 महीने के भत्ते का बकाया, ईपीएस 95, मेडिक्लेम 2025-26, मार्च 2018 के बजाय 1 जनवरी 2017 से संशोधित ग्रेच्युटी के भुगतान के लिए सेल के शीर्ष प्रबंधन के साथ सेफी के प्रयास और बातचीत आदि की जानकारी दी।बैठक में एक्स-ओए पदाधिकारी जेबी पाटिल, आरबी. गुप्ता, आरएस. श्रीवास्तव और वरिष्ठ पूर्व ओए सदस्य वीके पाल, एके. मजूमदार, आर. पिपरसानिया, बी धार्मिक, जीवीआर राजा, राजीव झा, बीसी जैन, वाईपी अग्रवाल, आर.के. अग्रवाल आदिउपस्थित थे।

### कमकासुर में बीएसपी का निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के दुल्की माइन्स के सीएसआर द्वारा कमकासुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सामान्य जांच के साथ ही शुगर, बीपी आदि की निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। कुल 45 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर शिविर का लाभ उठाया। बीएसपी अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है।

## जल्द एनजेसीएस बैठक बुलाने की मांग, बोनस फार्मूला में करें बदलाव

# सेल के मेहनतकशों को चाहिए 40 हजार से अधिक बोनस, यूनियनें हो रहीं एकजुट

### प्रबंधन ने पिछले साल एकतरफा निर्णय लेकर मात्र 26 हजार 5 सौ दिया था बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेल में सालाना बोनस को लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों में सुगबुगाहट शुरु हो गई है। इस साल कर्मचारियों को उम्मीद है कि उन्हें पिछले साल से अधिक बोनस मिलेगा। समय पर सम्मानजनक बोनस मिले, इसे लेकर यूनियनों एकजुटता के साथ अनुकूल माहौल बनाने की तैयारी शुरु कर दी है। इस संबंध में जल्द ही केंद्रीय यूनियनों की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें बोनस के लिए जल्द दिल्ली में एनजेसीएस कमेटी की बैठक बुलाने की मांग की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि हर साल सेल कर्मचारियों को दुर्गा पूजा पर्व के पूर्व सालाना बोनस दिए जाने की परंपरा रही है। इसके लिए जुलाई के अंतिम सप्ताह या अगस्त के के दूसरे हफ्ते एनजेसीएस कमेटी की बैठक दिल्ली में आयोजित की जाती रही है। लेकिन इस साल बोनस बैठक को लेकर अब तक कोई तैयारी की सूचना यहां यूनियन नेताओं को अपनी केंद्रीय यूनियनों से मिली है और न ही उच्च प्रबंधन स्तर पर ही कोई सर्कुलर आदि जारी हुआ है। इससे यहां बीएसपी कर्मियों के साथ यूनियनों में भी किंचित बेचैनी है। उच्च प्रबंधन के पिछले रवैय्ये को देखते हुए एनजेसीएस यूनियनें सजग हो गई हैं और अधिक बोनस के लिए शुरुआती माहौल बनाना शुरु कर दिया है। यूनियनें इस साल अधिक बोनस की मांग कर रही हैं और इस मामले में प्रबंधन के कोताही बरतने के पुराने बोनस फार्मूला जैसे किसी भी कदम का पुरजोर विरोध करने की रणनीति बनाएंगी। इस साल 40 हजार रुपए से अधिक बोनस की मांग की जा रही है। यूनियनों के मुताबिक पिछली बार वर्कर्स को न तो दुर्गापूजा के पूर्व बोनस दिया गया था और न ही मांग के अनुरुप सम्मानजनक बोनस राशि ही दी गई थी। यूनियनों ने इसका व्यापक विरोध किया था।



### प्राफिट में है कंपनी, नुकसानदेह है फार्मूला

सेल इस साल भी प्राफिट में है। यूनियनों के मुताबिक कंपनी 2 हजार करोड़ से अधिक के प्राफिट में है। प्रबंधन को कर्मियों के उत्पादन उत्पादकता के योगदान को देखने की जरुरत है न कि कर्मियों को नुकसान पहुंचाने वाले पुराने बोनस फार्मूला का राग आलापने की जररुत है। यदि इस बार पिछली बार की तरह बोनस को लेकर प्रबंधन द्वारा हठधर्मिता दिखाई गई तो पुरजोर विरोध किया जाएगा। 40 हजार से अधिक बोनस की मांग का संदेश पहुंचाने जल्द यहां यूनियनों की बैठक बुलाकर प्रभावी रणनीति बनाई जाएगी।

### बिना निर्णय के सीधे खाते में अल्प बोनस

गौरतलब हो कि वर्ष 2024 में एनजेसीएस बोनस बैठक में सदस्य इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस और बीएमएस द्वारा पूरी एकजुटता दिखाते हुए बोनस फार्मूला को नुकसानदेह बताते हुए अधिक बोनस मांग की जाती रही। लेकिन बैठक बेनतीजा खत्म होने के बाद प्रबंधन ने एकतरफा निर्णय लेते हुए कर्मियों के खाते में सीधे मात्र 26 हजार 5 सौ रुपए बोनस डाल दिये थे। इसका यूनियनों ने पुरजोर विरोध किया था। प्रबंधन के पिछले रवैये को देखते हुए एनजेसीएस यूनियनें सजगता बरत रही हैं जल्द एनजेसीएस कमेटी की बैठक बुलाने की मांग कर रही हैं। एचएमएस महासचिव पीके मिश्रा बताते हैं कि दो साल पूर्व मिले 40 हजार 500 रुपए से ऊपर बोनस देने की मांग इस साल की जाएगी। प्रबंधन को जल्द एनजेसीएस बैठक बुलाने की जरुरत है, ताकि वर्कर्स में किसी प्रकार का असमंजस न रहे।

### 40 हजार से अधिक मिले बोनस



सेल कर्मचारियों के कीर्तिमानी उत्पादन को देखते हुए इस साल 40 हजार 5 सौ रुपए से अधिक बोनस के लिए दबाव बनाया जाएगा। हमें पुराना बोनस फार्मूला मंजूर नहीं है क्योंकि इसमें जिन तथ्यों को जोड़ा गया है, वह वर्कर्स के हित में नहीं है। उच्च प्रबंधन दुर्गापूजा पूर्व बोनस निर्धारण के लिए एनजेसीएस बैठक बुलाए। **-पीके मिश्रा,** जीएस,एचएमएस

### सम्मानजक बोनस के लिए एकजुट

सम्मानजनक बोनस मांगना मेहनतकश कर्मचारियों का हक है। 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल से कर्मियों ने अपनी एकजुटता दिखा दी है। प्रबंधन के पिछले रुख को देखते हुए इस साल अधिकाधिक बोनस के लिए सभी यूनियनें सजग हैं और पूरी तरह एकजुट हैं।
**-विनोद कुमार सोनी,** जीएस, एटक

# भिलाई-चरोदा निगम का स्वच्छ शहर में देशभर में 19वां स्थान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा स्वच्छता सर्वेक्षण में 19 वां स्वच्छ शहर की गिनती में आ गया है। केन्द्रीय आवास एवं शहरी मंत्रालय द्वारा पूरे देश भर के शहरों की स्वच्छता का आकलन करने के लिये प्रति वर्ष सर्वेक्षण किया जाता है।

वर्ष 2024-25 के सर्वे में भिलाईचरोदा ने नगर के जनसंख्या के आधार पर 50 हजार से 3 लाख की केटेगरी में शहर को भारत में 19 वाँ स्थान मिला। सभी जिलों में नगर को 12 वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। गत वर्ष के सर्वेक्षण में भारत में 460 वाँ स्थान प्राप्त हुआ था। प्रदेश में 107 वाँ स्थान मिला था। इस बार भारत वर्ष में 460 से 441 स्थान छलांग मारकर 19 वाँ स्थान बनाने भिलाई-चरोदा निगम कामयाब रहा है।

### वन स्टार रैंकिंग भी है

आयुक्त ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण के कचरा मुक्त शहरों की जारी सूची में शहर को 1 स्टार रैंकिंग दर्जा प्राप्त ओडीएफ प्लस, प्लस का दर्जा मिला है। इसका सबसे बड़ा श्रेय हमारी स्वच्छता दीदियों व सफाई मित्रों को जाता है। जिन्होंने दिन रात मेहनत कर शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी के सहयोग के साथ ही शहर के नागरिकों, समाजसेवी संस्था, व्यापारियों का भी सहयोग इसमें रहा है।

महापौर निर्मल कोसरे, आयुक्त डीएस सिंह राजपुत ने सभी सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदीयों, नगर निगम के अधिकारियों, कर्मियों को का आभार जताते हुए आने वाले वर्ष में भी स्वच्छता को लेकर इससे बेहतर काम करने को कहा है।

### मैत्रीबागः बारिश में बोटिंग का लुत्फ उठा रहे यंगस्टर

**भिलाई।** बारिश के मौसम में खूबसूरत झील में बोटिंग करते बच्चे और यंगस्टर आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सभी के लिए रिमझिम फुहारों के बीच बोटिंग के रोमांच का अनुभव यादगार है। मैत्रीबाग प्रबंधनन द्वारा झील में जल स्तर बढ़ने के बाद एहतियातन सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। बरसात के मौसम के शुरु होने के बाद मैत्रीबाग में गर्मियों में दिखाई देने वाली रौनक भले ही थोड़ी कम हो गई है लेकिन युवाओं की आमद अभी भी बनी हुई है। खासकर उन्हें झील में बोटिंग का आकर्षण यहां खींच ला रहा है। पिछले हफ्ते तीन दिनों तक हुई वर्षा के बाद झील में जल स्तर बढ़ने के बाद इसकी खूबसूरती भी बढ़ गई है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर अवैध वसूली की कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पिछले दिनों जामुल नगर पालिका में प्रधानमंत्री आवास के नाम पर वहां के एक निजी एजेंसी के कर्मी द्वारा हितग्राहियों से नक्शा, नापजोख और पेपर वर्क के नाम पर पैसा लेने का मामला सामने आया था। हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद भी जब मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई और स्थिति जस की तस बनी रही तो बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने दुर्ग कलेक्टोरेट जाकर कलेक्टर से इसकी शिकायत की।



हितग्राहियों ने कलेक्टर को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि उन्हें शासन की योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ तो दिया गया, लेकिन वहां बैठे एग्रीमेंट कर्मी राहुल देवकर उनसे नक्शा, नापजोख और पेपर वर्क के नाम पर 3000 रुपए कमीशन मांग रहा है। इतना ही नहीं वो हितग्राहियों से खुद मकान बनाने का ठेका भी ले रहा है।

जो लोग राहुल देवकर को मकान बनाने का ठेका दे भी रहे हैं तो उनका मकान मानक से अधिक क्षेत्रफल में बनाकर उनसे फिर पालिका की अनुमति के नाम पर पैसे की डिमांड कर रहा है। लोगों ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# राज्य सुशासन नहीं जंगलराज की ओर अग्रसर : वदूद आलम

**भिलाई।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ में बिगड़ी कानून व्यवस्था पर राज्य की सहायक सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति कई घटनाओं और आंकड़ों के आधार पर लगातार बदतर होती दिखाई दे रही है। अपराधों में वृद्धि, पुलिस की निष्क्रियता, नक्सली हिंसा, महिला सुरक्षा और राजनीतिक संरक्षण जैसे मुद्दों ने स्थिति को चिंताजनक बना दिया है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के 2023 आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 15% की वृद्धि हुई। औसतन 5–6 मामले दर्ज हैं। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ी। राजधानी रायपुर, दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर जैसे शहरों में हत्या और लूटपाट की घटनाएं आम हो गई हैं। चाकूबाजी और गैंगवार की घटनाएं बढ़ी हैं, खासकर युवाओं में नशे के कारण। बस्तर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और कांकेर जैसे क्षेत्रों में नक्सली हमलों की घटनाएं अब भी चुनौती बनी हुई हैं। छत्तीसगढ़ में अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण और पैसे के बल पर बच निकलने की छूट मिली हुई है।प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में युवाओं में नशे की स्थिति चिंताजनक है,सरकार युवाओं को शिक्षा रोजगार से वंचित कर, नशे की ओर धकेलकर वोट बैंक के लिए इस्तेमाल कर रही है। राज्य में शराब, गांजा, अफीम, स्मैक, कोरेक्स, टेबलेट और तंबाकू उत्पादों का सेवन लगातार बढ़ रहा है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों, आदिवासी इलाकों और युवाओं में नशे की प्रवृत्ति चिंताजनक है। बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, धमतरी व सरगुजा क्षेत्रों में अवैध खेती और तस्करी की घटनाएं सामने आई हैं। कॉलेज और स्कूल स्तर पर नशे का चलन खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है।

# बीएसपी के एसपी 3 में इन-हाउस उद्घाटित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 के रॉ मटेरियल एरिया के बेल्ट कन्वेयर रूट बी-103 में इन-हाउस संसाधनों के माध्यम से नए स्टोन थ्रोवर सिस्टम की स्थापना सफलतापूर्वक की गई। नई स्टोन थ्रोवर प्रणाली का उद्घाटन महाप्रबंधक प्रभारी अनूप कुमार दत्ता द्वारा किया गया। मुख्य महाप्रबंधक एस वर्गीज और सहायक महाप्रबंधक आरके रणदिवे भी उपस्थित थे।

- संसाधनों से नया स्टोन थ्रोवर सिस्टम की स्थापना

बी-103 बेल्ट कन्वेयर संयंत्र के अंदर उत्पन्न होने वाले स्क्रैप जैसे मिल स्केल, सिन्टर रिटर्न, एलडी स्लैग आदि को सिन्टर मशीन-1 तक ले जाता है। इससे अच्छी गुणवत्ता का सिन्टर तैयार किया जा सके। हाइवा और डंपर के माध्यम से स्क्रैप सामग्री ट्रैक हॉपर के बंकर में संग्रहित की जाती है। स्टोन थ्रोवर सिस्टम की स्थापना का कार्य महाप्रबंधक आई वी. रामण्णा के मार्गदर्शन में तथा महाप्रबंधक एससी चावरिया, सहायक महाप्रबंधक अजय श्रीवास्तव, सहायक महाप्रबंधक केके वर्मा, सहायक महाप्रबंधक एचएल मंडावी, जीतेश शाहनी व सहायक प्रबंधक आर किंडो की टीम द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। स्क्रैप सामग्रियों के साथ विभिन्न आकार के स्टोन के छोटे-बड़े टुकड़े और अन्य अवांछित पदार्थ नियमित रूप से अशुद्धि के रूप में मिलते रहते हैं, जिससे प्रपोर्शनिंग बिल्डिंग के बेल्ट वेट फीडर में बार-बार खराबी आती है। पिछले कुछ वर्षों में बेल्ट वेट फीडर की कार्य-कुशलता में गिरावट और मशीन-1 के रुकने की संभावना भी बढ़ गई थी।




### तीस मीटर की ऊंचाई पर स्थापित

समस्या के समाधान के लिए रॉ मटेरियल एरिया की टीम ने इन-हाउस संसाधनों से नया स्टोन थ्रोवर सिस्टम उसके ड्राइव यूनिट सहित सभी सुरक्षा सुविधाओं के साथ डिजाइन कर तैयार किया। इसे बी-103 बेल्ट कन्वेयर के ड्राइव साइड पर 30 मीटर की ऊंचाई पर स्थापित किया। स्टोन थ्रोवर सिस्टम, आकार के रॉ मिक्स की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करेगी, जिससे सिन्टर मशीन-1 का निर्बाध संचालन संभव होगा।

## महीनेभर से दो तीन दिन के अंतर से नलों में आ रहा पानी

# रिसाली में गहराया पेयजल संकट, नगर निगम बेसुध

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मानसून में जलाशयों में पर्याप्त पानी है। अभी गर्मी का मौसम भी नही है। लेकिन भिलाई के आधा हिस्से की जनता महीनेभर से पानी के लिए तरस रही है। वहीं नगर निगम रिसाली उदासीन बना हुआ है।

- इस्पात नगर, हिंद नगर, प्रगतिनगर और टंकी मरौदा में परेशानी

नगर निगम रिसाली क्षेत्र में महीनेभर से हजारों लोग पेयजल किल्लत का सामना कर रहे हैं। नलों में पानी आने का निर्धारित समय सुबह 7 बजे है। लेकिन नगर निगम पिछले महीनेभर से वार्डों में जलापूर्ति का समय भूल गया है। पानी दो, दो तीन तीन दिन नहीं आ रहा है। आ भी रहा है तो कभी दोपहर 12 बजे तो कभी 2 बजे और कभी शाम सात बजे जलापूर्ति की जा रही है। इससे महिलाओं बच्चों व कामकाजी लोगों को होने वाली दिक्कतों की कल्पना निगम के जिम्मेदार महसूस कर सकते हैं। पेयजल संक्ट की यह स्थिति रिसाली मड़ौदा बस्ती व रिसाली बस्ती के वीआईपी नगर, इस्पात नगर मैत्रीनगर, आशीष नगर, प्रगति नगर प्रियंका नगर और हिंद नगर, टंकी मड़ौदा आदि कालोनियों यानी नगर निगम रिसाली के अधिकतर वार्डों में यही स्थिति है। इस्पात नगर की संध्या दुबे बताती हैं कि कालोनी के लोग बीस पच्चीस दिन से पेयजल किल्लत झेल रहे हैं। शिकायत पर निगम के लोग उदासीन हैं। आशीष नगर के एनके सेन बताते हैं कि पेयजल किल्लत से पूरी गर्मी गुजर गई और अब बारिश में भी पानी को तरसना पड़ रहा है।



### बोरिंग वालों को राहत

रिसाली निगम क्षेत्र की जिन कालोनियों के लोगों के घरों में बोर खनन हुआ है वे थोड़ी राहत में हैं। इनकी तादाद बहुत कम है। अधिकतर लोग नगर निगम के भरोसे हैं। ऐसे लोगों की भीड़ पानी के लिए बर्तन लेकर बोर वालें के घरों में लग रही है। यानी दोनों ही परेशान हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि नगर निगम के अधिकारी और जन प्रतिनिधियों को हमारी परेशानी से कोई सरोकार नहीं रह गया है।

# गुरु घासीदास सेवा समिति ने हेल्थ का रखा ध्यान, हुई निःशुल्क जांच

**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति सतनाम भवन सेक्टर-6, भिलाई पंजीयन क्रमांक 5716 दुर्ग के तत्वावधान में गुरु घासीदास सेवा समिति, सतनाम भवन, सेक्टर-6 के तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन समाज की सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए किया गया। इस शिविर में लगभग 70 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ की जांच कराई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लेकर लाभ प्राप्त किया। शिविर में समाज की वरिष्ठ डॉक्टरों ने निशुल्क सेवाएं दी। इस शिविर में स्त्री रोग एवं निःसंतानता विशेषज्ञ डॉ. संगीता पात्रे, डॉ. रितु कुर्रे रायपुर, त्वचा रोग विशेषज्ञ एवं सीनियर रेजिडेंट पं. जे.एन.एम. मेडिकल कॉलेज, धनेश्वरी देशलहरे की टीम और हेल्थ एडवाइजर द्वारा मरीजों को लाभ मिला। इस दौरान सामाजिक सदस्यों ने समिति से हर माह शिविर का आयोजन नियमित रूप से किये जाने को कहा। जिससे समाज के सभी वर्ग लाभान्वित हो सके। गुरु घासीदास सेवा समिति के सदस्यों ने डॉक्टर्स की टीम का आभार व्यक्त करते हुए समाज में उनके योगदान को सराहा।



# हरेली पर गेंड़ी दौड़, भौंरा चालन, पिट्ठुल, रस्सा कसी कुर्सी दौड़ जैसे पारंपरिक खेलों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के तत्वावधान में परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में सावन हरेली महोत्सव का भव्य आयोजन हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज की महिलाओं एवं पुरुषों के लिए गेंड़ी दौड़, भौंरा चालन, पिट्ठुल, रस्सा कसी, कुर्सी दौड़ जैसे छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें सभी वर्ग के लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और पुरस्कार जीते। आरंभ में देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन की अगुवाई में सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक कृषि यंत्रों एवं सामग्रियों जैसे हल, गैती, फावड़ा, हंसिया, गाड़ा चक्का, पर्रा, टुकना, धान, गेहूं आदि का विधिवत पूजन कर अच्छी फसल के उत्पादन एवं सबके सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर छत्तीसगढ़ी वस्त्र, आभूषण एवं भाषा पर केंद्रित रोचक जानकारियां शेयर की जिसकी खूब सराहना की गई। महिलाओं के लिए आयोजित कार्यक्रमों के संयोजन में सुमन देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, प्रभा देवांगन, जयश्री देवांगन, लक्ष्मी देवांगन, कामना देवांगन, चंद्रप्रभा देवांगन, गायत्री देवांगन, मधुबाला देवांगन आदि का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### मंच संचालक के प्रदेश कार्यकारिणी का गठन

दुर्ग। मंच संचालक समिति छत्तीसगढ़ की साधारण सभा की बैठक हुई। जिसमें नए पदाधिकारियों का गठन आपसी सहमति एवं मनोनयन द्वारा चयन किया गया।नए पदाधिकारियों में संयोजक चंद्रशेखर परगनिहा, संरक्षक छोटू साहू सिंघोलिया, गणेश यदु, राजेश साहू, नन्हा शायर, अध्यक्ष सोहन लाल साहू, उपाध्यक्ष संजय मैथिल, टीके अठनागर, सचिव सुमित कुमार यादव, कोषाध्यक्ष एवन कुमार साहू, सह सचिव चंद्रकुमार साहू, ग्वाला प्रसाद यादव, तीरथ यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष वेदकुमारी साहू, उपाध्यक्ष इंदिरा चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष सीमा साहू, एकलव्य साहू, ताराचंद गजपाल, हरीश कुमार साहू, खिलेश्वरी यदु, तिलकराज सिन्हा, ललित कुमार निषाद, नरेंद्र कुमार साहू आदि शामिल हैं।

### व्यापारियों को महिला समृद्धि बाजार में शिफ्ट होने के निर्देश

दुर्ग। नगर निगम द्वारा इंदिरा मार्केट क्षेत्र में हाल ही में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। इस क्रम में महापौर अलका बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल से चर्चा कर पुराने बस स्टैंड क्षेत्र के कपड़ा व्यापारियों के लिए महिला समृद्धि बाजार स्थित पौनी पसारी वैकल्पिक स्थान चिन्हित कर व्यवस्थापन के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने व्यापारियों से कहा है कि यदि अगले दो दिनों के भीतर वे अपने व्यवसाय को चिन्हित स्थान पौनी पसारी पर नहीं स्थानांतरित करते हैं, तो नगर निगम की ओर से उनके विरुद्ध पुनः अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

पेज 9 का शेष

### छठवीं में प्रवेश के लिए ...

तक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। जिला शिक्षा विभाग ने सभी संबंधितों से समय सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की है।

# दवा विक्रेताओं, कॉस्मेटिक्स सेंटरों, मिठाई दुकानों में औषधि प्रशासन की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मिलावटी सामानों को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद सोमवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने दवा दुकानों, कॉस्मेटिक्स सेंटरों, मिठाई दुकानों में दबिश दी। टीम ने अम्बे मेडिकल रिसाली से प्रसाधन सामग्री के 2 सैंपल लिए। मेसर्स गुरुकृपा कास्मेटिक्स सुपेला से 1 नमूना, मेसर्स जलाराम ब्यूटी वर्ल्ड मोतीपारा दुर्ग से 1, मेसर्स सिल्की फैशन जोन मरोदा से 1 नमूना लिया। 5 नमूने जांच के लिए भेजे गए। इसके अलावा मेसर्स गुलाब श्रृंगार सदन उतई, मेसर्स मनोज श्रृंगार सदन उतई, मेसर्स नूतन श्रृंगार सदन दुर्ग, मेसर्स वर्ल्ड ऑफ ब्यूटी स्टेशन रोड, दुर्ग, मेसर्स श्रृंगारिका गिफ्ट एण्ड टॉयज़ सेक्टर-6, ए-मार्केट, भिलाई, मेसर्स दुल्हन श्रृंगार सदन, सेक्टर-6, ए-मार्केट भिलाई, ऐसे कुल 10 फर्मों का निरीक्षण किया गया। सहायक औषधि नियंत्रक संजय सिंह झड़ेकर ने बताया कि जिले में स्थित मेडिकल डिवाईस एवं औषधि के निर्माता फर्म मेसर्स ग्लोबल बायोसाईंस बोरसी दुर्ग एवं औषधि एवं प्रसाधन सामग्री की निर्माता फर्म स्वर्णा होमकेयर प्रोडक्ट्स, इंडस्ट्रीयल एरिया भिलाई का निरीक्षण किया गया। संदिग्ध उत्पादों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

## 10 से ज्यादा सेंटरों से मिलावटी सामान के संदेह पर लिए गए सैंपल



### मिठाई दुकानों की भी की गई जांच

इसी प्रकार खाद्य शाखा द्वारा जिले में संचालित मेसर्स आदिनाथ एजेंसी दुर्ग से कृष्णा बर्फी, मां दुर्गा डेयरी, पावर हाउस से पनीर, मेसर्स जलाराम स्वीट्स रिसाली से मथूरा पेड़ा, मेसर्स शुभम डेयरी एण्ड स्वीट्स रिसाली से पनीर, मेसर्स न्यू कलकत्ता स्वीट्स, बोरसी से कुंदा, मेसर्स बिकानेर स्वीट्स सुपेला से नमकीन का नमूना जांच हेतु लेते हुए निरीक्षण कार्य किया गया एवं त्यौहारी सीजन को देखते हुए उचित साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया गया। नमूनों की जांच उपरांत नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।



## प्रदर्शन: भिलाई निगम की बदहाली और भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

# 15वें वित्त आयोग के पैसे का दुरुपयोग, घटिया क्वालिटी के बिजली पोल लगे, धरने पर पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई नगर निगम एक तरफ गुणवत्तायुक्त विकास और स्वच्छता की ओर तेजी से काम करने का दावा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर उसी निगम के पार्षद निगम के ऊपर भ्रष्टाचार और मनमाना कार्य करने का आरोप लगाते हुए अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। निगम से वार्ड 3 पार्षद हरिओम तिवारी, वार्ड 6 के पार्षद रवि शंकर कुर्रे, वार्ड 9 पार्षद रानू राजू साहू के पति राजू साहू, वार्ड 51 की पार्षद मीरा बंजारे के पति जितेंद्र बंजारे सोमवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक धरने में बैठे। उन्होंने इस दौरान निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस धरना प्रदर्शन का वार्ड 2 नेहरू नगर की पार्षद चंदेश्वरी बांधे ने भी समर्थन किया है, उनका कहना है कि मंगलवार से वो भी धरना पर बैठेंगी। विरोध प्रदर्शन करने बैठे पार्षद हरिओम तिवारी ने कहा कि उनका धरना प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा। जब तक उनकी सभी मांगे नहीं मानी जाती है धरना खत्म नहीं होगा। उनका कहना है कि वो सत्ता में नहीं है, कुछ कर नहीं सकते हैं, लेकिन अपना विरोध प्रगट करके इतना जरूर करेंगे की शहर की जनता को ये पता चल जाएगा कि निगम के अधिकारी और जिम्मेदार जनप्रतिनिधि जनता के टैक्स के पैसे का किस तरह से दुरुपयोग कर रहे हैं।

## पार्षदों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी




### 2 करोड़ की नाली में खुलेआम भ्रष्टाचार, विपक्ष मौन

धरने पर बैठे पार्षद रविशंकर कुर्रे का कहना है कि कर्मा चौक से लोहिया पेट्रोल पंप तक वार्ड 17 से 6 तक बिना बेस और पर्याप्त लोहे के नाली का निर्माण किया जा ररहा है। निगम से इसके लिए 1 करोड़ 97 लाख रुपए की लागत का टेंडर पास है। नाली में ना तो सही बेस तैयार किया जा रहा है, ना मानक के मुताबिक लोहा लग रहा है। इस तरह खुलेआम भ्रष्टाचार होने के बाद भी विपक्ष के लोग क्यों शांत हैं। निर्माण की गुणवत्ता की जांच निगम के इंजीनियर्स द्वारा क्यों नहीं की जा रही है।

### निकाले खंभों का नहीं हुआ भौतिक सत्यापन

धरने पर बैठे पार्षद पति जितेंद्र बंजारे का कहना है कि पुराने खंभे तभी हटाए जाने थे, जब वो खराब हो गए हों। उन्होंने निगम से मांग की है कि क्या निगम ने पुराने खंभों को निकालने से पहले उनका भौतिक सत्यापन कराया है। यदि कराया है तो उसकी रिपोर्ट कहां है।

### स्वीकृति के बाद भी तालाब का नहीं हो रहा सौंदर्यीकरण

धरने पर बैठे पार्षदों ने आरोप लगाया कि भेलवा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 25 लाख रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। पार्षद पति राजू साहू का कहना है कि निगम सिर्फ इसलिए टेंडर नहीं लगा रहा है क्योंकि उनके आका को उनके मुताबिक कमीशन देने वाला ठेकेदार नहीं मिल रहा है। इसी कारण तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य रुका हुआ है और पूरा तालाब जलकुंभी और गंदगी से पट चुका है।

### आज भी जारी रहेगा धरना प्रदर्शन

पार्षदों का कहना है कि उनका धरना प्रदर्शन लगातार तब तक जारी रहेगा, जब तक की उनकी तीनों मांगे नहीं मानी जाती है। उन्होंने पहले दिन जोन आयुक्त अजय सिंह को अपनी मांग भेज दिया है। जोन आयुक्त ने निवेदन किया है कि निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय शहर से बाहर हैं, इसलिए उनके आने तक धरना स्थगित किया जाए, लेकिन पार्षदों ने निर्णय लिया है कि वो धरना लगातार जारी रखेंगे।

### पुराने निकालकर लगाए जा रहे 4 करोड़ के नए पोल

धरने पर बैठे पार्षद हरिओम तिवारी का कहना है कि शहर में 15वें वित्त की राशि का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है। पुराने बिजली के पोल सही होने के बाद भी उन्हें उखाड़कर उनकी जगह घटिया क्वालिटी के नए पोल सिर्फ इसलिए लगाए जा रहे हैं ताकि उसमें बने फोटो फ्रेम में कुछ चहेते नेताओं की फोटो लगाई जा सके। उनका कहना है कि जब पुराने पोल सही थे, तो नए पोल लगाने की क्या जरूरत थी। इतना ही नहीं जब नेताओं के फोटो पोल में लगाए जा रहे हैं तो सिर्फ विधायक और महापौर के फोटो ही क्यों लग रहे हैं। दुर्ग सांसद का फोटो क्यों नहीं लग रहा है। साथ जिस वार्ड में पोल लग रहे हैं उस वार्ड के पार्षद का फोटो भी लगना चाहिए।



# संडी के स्कूल में बाल सभा व बाल कैबिनेट का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेरला

विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत आने वाले पूर्व माध्यमिक शाला सण्डी के प्रांगण में सयुंक्त रूप से प्राथमिक व माध्यमिक विभाग के लिए क्रमशः बाल सभा व बाल कैबिनेट का गठन हुआ। शिक्षक ओमनारायण साहू ने बताया कि लोकतांत्रिक तरीके से गठन की प्रक्रिया को पूर्ण किया। नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को उनके कार्य व दायित्वों से अवगत कराया। प्राथमिक विभाग बाल सभा में प्रधानमंत्री टोपी साहू, शिक्षा मंत्री रेणुका साहू, खेल मंत्री हरिशंकर साहू, स्वास्थ्य मंत्री कुमकुम साहू, कृषि मंत्री हेमन्त यादव , सुरक्षा व जनसंपर्क मंत्री प्रकाश निषाद। इसी तरह माध्यमिक विभाग बाल कैबिनेट में प्रधानमंत्री अंजिक्या निषाद, शिक्षा मंत्री आर्यन निषाद, वित्तमंत्री में निधि साहू, खेलमंत्री भूमिका साहू, कानून मंत्री गंगाधर साहू, स्वास्थ्य मंत्री सुमन साहू, पर्यावरण मंत्री ईशु साहू, एवं कृषि व उद्योग मंत्री टिकेश साहू ने पदभार ग्रहण किये। संस्था प्रमुख मनीषा देवांगन द्वारा नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाया गया। शिक्षक लोकेश साहू ने बच्चों को बाल कैबिनेट की उद्देश्य से अवगत कराया। इस चुनाव प्रणाली में संस्था प्रमुख मनीषा देवांगन, प्राथमिक प्रधान पाठक वीरेंद्र कुमार सिन्हा, शिक्षक लोकेश साहू, ओमनारायण साहू,नीलेश कुमार वर्मा, राधेश्याम ईशदा, रामस्वरूप साहू सहित शाला के बच्चों की सहभागिता रही।

## अहातों में बिक रहे प्रतिबंधित डिस्पोजल, बंद करवाने की मांग

दुर्ग। देशी विदेशी शराब भट्टी में संचालित अहातों में प्रतिबंधित डिस्पोजल व पानी पाऊच बंद करने की मांग छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच ने की है। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूरनलाल साहू ने बताया कि दुर्ग जिला में देशी एवं विदेशी शराब भट्टी में सभी संचालित अहाता सेंटर में सरकार द्वारा प्रतिबंध डिस्पोजल एवं पानी पाऊच को धड़ल्ले से बेचा जा रहा है चुकी नियम के अनुसार डिस्पोजल एवं पानी पाउच न बेचने की हिदायत दी गई है एवं आबकारी विभाग के द्वारा जारी नियम में साफ साफ दर्शाया गया है कि पर्यावरण एवं साफ सफाई को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधत डिस्पोजल एवं पानी पाऊच का उपयोग प्रतिबंध रहेगा नियमो का उल्लंघन करने पर लाइसेंस रद्द किया जाएगा।

# तकनीकी ज्ञान और कौशल का हो सृजनात्मक उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण अंतर्गत युवाओं में कौशल विकास के संबंध में जागरूकता एवं मुख्यमंत्री कौशल योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षित तथा प्रशिक्षणरत युवाओं को अपने तकनीकी कौशल का मूल्यांकन एवं प्रदर्शन का अवसर प्रदान करने जिले में अलग-अलग स्थानों पर जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता 21 से 23 जुलाई तक आयोजित है। कौशल तिहार 2025 के अंतर्गत आयोजित इस प्रतियोगिता का आज एमएसएमई प्रौद्योगिकी केन्द्र रसमड़ा दुर्ग में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि तकनीकी ज्ञान और कौशल का उपयोग सृजनात्मक कार्यों में हो। उन्होंने कहा कि कौशल एक ऐसी ज्ञान है, जो व्यक्ति को एक अलग पहचान दिलाती है। कलेक्टर ने कहा कि मानव पीढ़ी दर पीढ़ी कौशल ज्ञान का उन्नयन करते हुए आज इस मुकाम तक पहुंचा है।

अपने ज्ञान और सिद्धांतों के आधार पर अनेकों अविष्कार किये हैं। उन्होंने कहा कि मानव प्रवृत्ति की सोच अविष्कार आधारित है। आकाश में उड़ने की सोच से हेलीकाप्टर और हवाई जहाज तक अविष्कार किया है। दुनिया में टेक्नोलॉजी का निरंतर विस्तार हुआ है। जिसकी वजह से आवागमन, संचार और उर्जा के क्षेत्र में अविष्कार हुए हैं।

## उरला तालाब किनारे से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

दुर्ग। महापौर अलका बाघमार ने एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पार्षद रेशमा सोनकर, लोकेश्वरी ठाकुर, उपभियंता विनोद मांझी, सुरेश भारती के साथ वार्ड 58, उरला क्षेत्र में तालाब के किनारे निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अवैध कब्जा, नालियों की दुर्दशा और सड़क पर जलभराव की स्थिति को सुधार के निर्देश दिए। महापौर ने तालाब किनारे अवैध निर्माण को देखते हुए कब्जाधारियों को मौके पर चेतावनी दी गई है और जल्द ही अतिक्रमण हटाने कहा। सफाई में लापरवाही पाए जाने पर सफाई दरोगा व सुपरवाइजर को फटकार लगाई गई और सुधार के निर्देश दिए।अधिकारियों को तालाब किनारे अवैध कब्जों को यथाशीघ्र हटाने के निर्देश दिए। नालियों और सड़कों की सफाई कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किए जाएं।

# अनुशासन ही विद्यार्थी की कड़ी परीक्षा होती है: दिनेश्वरी लहरें



थानखम्हरिया। समीपस्थ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल दर्री में शिक्षक-शिक्षिका द्वारा विद्यालय के सभी 120 विद्यार्थियों को टाई प्रदान की गई। बच्चों को सुव्यवस्थित अनुशासन बनाएं रखने एवं नियमित शाला आने के लिए प्रेरित किया गया। प्रभारी प्राचार्या दिनेश्वरी लहरें ने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर पूरी निष्ठा एवं लगन से मेहनत करने की बातें कही। बच्चों को समय सारिणी तैयार कर घर पर मेहनत करना एवं विद्यालय समय पर पहुंचने की बातें कही। इस दौरान हाई स्कूल दर्री प्रभारी प्राचार्या दिनेश्वरी लहरे, व्याख्याता संगीता किरण अनंत, व्याख्याता रीना कांता लकड़ा, सहायक ग्रेड दो विजय वैष्णव, प्रधान पाठक राजकुमार ध्रुवे, शिक्षक गोविंद कुमार सोनकर, भवानी सिंह नेताम ,अंजनी कुमार मिर्झा, सहायक शिक्षक सालिक राम पाल एवं स्वयं सेवी शिक्षिका दुर्गा सेन समेत सभी विद्यार्थी शामिल रहे।

# बायोडिग्रेडेबल बैग की बढ़ी मांग कीमत भी कम, नहीं है हानिकारक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बाद बाजारों में बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक व बायो प्लास्टिक डिस्पोजल की मांग में वृद्धि देखी जा रही है।

- बायोप्लास्टिक को दें बढ़ावा, पर्यावरण भी सुरक्षित

स्थानीय थोक व चिल्हर विक्रेताओं की दुकानों में अब पर्यावरण अनुकूल बायोडिग्रेडेबल कैरी बैग उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत भी आम जनता के लिए सुलभ है। महापौर अलका बाघमार एवं निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने दुकानदारों और व्यापारियों से कहा कि वे पारंपरिक प्लास्टिक के बजाए बायोप्लास्टिक बैग का उपयोग करें। ये बैग न केवल पर्यावरण के लिए सुरक्षित हैं, बल्कि हानिकारक रसायनों से मुक्त होते हैं।




उन्होंने बताया कि बायोप्लास्टिक बैग मक्का स्टार्च या अन्य पौधों से बनाए जाते हैं, जो नवीकरणीय संसाधन हैं। ये प्राकृतिक रूप से विघटित होकर खाद योग्य हो जाते हैं, जिससे प्लास्टिक कचरे की समस्या में कमी आती है। साथ ही, ये बैग खाद्य पदार्थों के भंडारण के लिए भी सुरक्षित विकल्प माने जाते हैं।

### बायोडिग्रेडेबल कैरी बैग उपयोग करने की अपील

महापौर एवं आयुक्त ने आम नागरिकों से भी कहा कि यदि वे बायोप्लास्टिक बैग खरीदना चाहते हैं, तो इन्हें स्थानीय बाजार और किराना दुकानों से आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा आपका एक छोटा कदम स्वच्छ दुर्ग की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है। आज ही प्लास्टिक छोड़ें और बायोडिग्रेडेबल अपनाएं, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक नहीं है।

## जनदर्शन में लोगों की समस्याओं को सुन अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश

# वार्ड में नहीं है नाली, बदबू से लोग परेशान, लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संयुक्त कलेक्टर सिल्ली थॉमस ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 137 आवेदन प्राप्त हुए।

- जनदर्शन में मिले 137 आवेदन

### वेल्डिंग दुकान से वार्डवासियों को परेशानी

दुर्ग के वार्ड नं. 10 के निवासी ने घर के पास स्थित वेल्डिंग दुकान के ध्वनि प्रदूषण को बंद कराने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 10 में संचालित वेल्डिंग दुकान से निकलने वाली तेज आवाज के कारण मोहल्लेवासियों का रहना मुश्किल हो गया है। सुबह 8 से रात 8 बजे तक तेज मशीनों की आवाज और प्रदूषण उत्पन्न होता है। वेल्डिंग मशीनों की तेज आवाज, लोहे की कटाई से उत्पन्न ध्वनि और धुएं से वायुप्रदूषण बढ़ रहा है। साथ ही बच्चों की पढ़ाई में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। इस पर संयुक्त कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



### पानी की निकासी की बताई समस्या

बघेरा वार्ड 56 एवं वार्ड 1 के मोहलाई रोड, बिजली ऑफिस के पास रहने वाले वार्डवासियों ने नाली के पानी की निकासी की गंभीर समस्या से निदान दिलाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि यहां बनी नाली में जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे बारिश के समय पानी घरों में घुस जाता है। पानी रुकने से उसमें कीड़े-मकोड़े और अन्य हानिकारक जीव पनप रहे हैं, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। वार्डवासियों ने इस समस्या को लेकर पार्षद एवं नगर निगम में भी आवेदन दिया है। इस पर संयुक्त कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### जन्मतिथि में त्रुटि, सुधार की मांग

ग्राम रीवागहन तहसील पाटन की निवासी छात्रा ने जन्म प्रमाण पत्र में जन्म तिथि सुधारने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि जन्मतिथि में त्रुटि के कारण आगे की पढ़ाई में कठिनाई हो रही है। अंकसूची में जन्मतिथि 05 फरवरी 2010 दर्ज है, जो कि सही है, परंतु जन्म प्रमाण पत्र में गलत दर्शाया गया है। साथ ही, आधार कार्ड में भी जन्मतिथि 1 जनवरी 2010 अंकित है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। इन गलतियों के कारण उन्हें विद्यालयीन दस्तावेजों में मिलान न होने से पढ़ाई में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में अंकसूची के अनुसार सही जन्मतिथि दर्ज कराने गुहार लगाई, जिससे उनकी शिक्षा में आ रही बाधा दूर हो सके। इस पर संयुक्त कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत पाटन को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। इस दौरान नगर निगम दुर्ग, रिसाली, भिलाई, खाद्य विभाग, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**



## नालसा के तहत आधार पंजीयन कैम्प का आयोजन किया गया

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्रधान जिला न्यायाधीश वृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन व निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में नालसा द्वारा संचालित साथी अभियान के तहत गठित विशेष इकाई समिति के द्वारा आधार सेवा केन्द्र नवागढ़ में बेसहारा बच्चों के लिए आधार नामांकन कैम्प आयोजन किया गया। उक्त कैम्प में दो बच्चों का आधार पंजीयन करा कर विधिक सहायता प्रदान किया गया तथा कैम्प में उपस्थित लोगों को बताया गया कि जिन बच्चों का आधार पंजीयन नहीं हुआ है। उनको साथी विशेष इकाई के द्वारा आधार नामांकन कराकर, विधिक सहायता प्रदान किया जाता है और उन्हे सरकारी योजनाओं से जोड़ने व अन्य योजनाओं से लाभ दिलाये जाने की मद्द की जाती है। उक्त कैम्प में के माध्यम से उपस्थित लोगो यह संदेश दिया गया कि अपने आस-पास यदि कोई ऐसे बेसहारा बच्चें घूमते दिखाई दे जिनका आधार नामांकन नहीं हुआ है, वे विधिक सहायता प्राप्त कर अपना आधार पंजीयन आवश्यक रूप से बनाने की सलाह दी गई। उक्त कैम्प में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के अधिकार मित्र एवं आधार सेवा केन्द्र नवागढ के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सिंघौरी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तिरंगा दिवस




**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक एंव पूर्व माध्यमिक स्कूल सिंघौरी में तिरंगा दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जब संविधान सभा द्वारा तिरंगे को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया गया। यह दिन तिरंगे के सम्मान और इसके महत्व को गहराई से समझने का अवसर है। तिरंगा शब्द सुनते ही न केवल देशभक्ति, एकता और बलिदान की भावना जागृत होती है, बल्कि इस नाम की अपने आप में एक गौरवमयी गाथा भी है। नुतेश्वर चंद्राकर ने कहा कि स्वतंत्रता से पहले, डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में गठित समिति ने तिरंगे को अंतिम रूप दिया। चरखे को हटाकर सम्राट अशोक के धर्म चक्र को शामिल किया गया, जो धर्म, न्याय और प्रगति का प्रतीक है। 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने इसे राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने हाथ में तिरंगा लेकर देशभक्ति गीत एंव नारे के साथ रैली भी निकाली और ग्रामवासियों को तिरंगा के सम्मान और देशभक्ति के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक मीनाक्षी शर्मा सहितधनीराम बंजारे संकुल समन्वयक, सरस्वती साहू, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल, पूनम साहू किरण खरे मौजूद रहे।

## फरार छह वारंटी पुलिस गिरफ्त में, भेजा जेल

**भिलाई।** पुलिस ने अभियान चलाकर 6 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। वारंटी मोहन नगर और नंदिनी थाना क्षेत्र के है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों में आरोपियों की उपस्थिति के लिए नोटिस जारी किया। उसके बाद समन्स जारी किया गया था। न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। वारंटियों के सकुनत से फरार होने के कारण वारंट तामिल नहीं हो पा रहा था। थाना मोहन नगर एवं नंदिनी पुलिस ने वारंट तामिली के क्रम में विशेष अभियान चलाया।

## सूने मकान में चोरी करने वाले पकड़ाए

**भिलाई।** सूने मकान में चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि बोरी पुलिस थाने में वार्ड 8 पटेल पारा ग्राम दनिया निवासी रामहरी पटेल ने शिकायत किया था।

# सात खिलाड़ियों का सॉफ्ट टेनिस व टेबल टेनिस में राज्य स्तर के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जिला राजनांदगांव में संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता खेल (लॉन टेनिस व सॉफ्ट टेनिस) का आयोजन किया गया। जिसमें सभी जिले के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

जिसमें बेमेतरा जिले से पीएम श्री सेजेस देवरबीजा से सात बच्चों ने अलग अलग वर्ग में अपनी प्रतिभा दिखाई व चार बच्चों ने सॉफ्ट टेनिस खेल में राज्य स्तर के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की। चयनित प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार है। लोमश साहू कक्षा 8वी, नामेश साहू कक्षा 8वी, रुद्र कुमार कक्षा 8वी व मेघ सिंह ठाकुर कक्षा 8वी। इसी प्रकार देवरबीजा में जिला स्तरीय टेबल टेनिस स्पर्धा आयोजित की गई।

पीएम श्री सेजेस देवरबीजा में दिनांक 15 जुलाई 25 को जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता खेल टेबल टेनिस का आयोजन हुआ। जिसमें बेमेतरा जिले से बेरला ब्लॉक, साजा ब्लॉक, नवागढ़ ब्लॉक व बेमेतरा ब्लॉक ने भाग लिया। इसमें विभिन्न स्कूलों से बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें सेजेस देवरबीजा से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अंडर 17 वर्ग में तृप्ति राजपूत तीसरे स्थान पर, अंडर 19 वर्ग में प्रथम स्थान हिमानी साहू, द्वितीय स्थान मधु साहू व पांचवे स्थान पर लीमा सोरी ने संभाग स्तर के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की।



### संभाग स्तरीय स्पर्धा में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे

तीनों वर्गों की टीमें आने वाले दिनों में होने वाली संभाग स्तरीय स्पर्धा में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसमें चयनित होने पर उन्हें राज्य स्तरीय स्पर्धा में खेलने का मौका मिलेगा। मैच के दौरान विभिन्न स्कूलों से आए व्यायाम शिक्षक एम रविराज, कमलकांत सेजेस ठेलका, बी उमाशंकर खाती, अनूप सिंह सेजेस राठी, गौरव कामड़े ओड़िया, हरिशंकर चंदेल सेजेस नवागढ़, अंकित निर्मलकर ज्ञानोदय बेमेतरा व काजल कुमारी सेजेस देवरबीजा उपस्थित थे। शाला समिति अध्यक्ष कोमल देवांगन, सरपंच हेमलाल देवांगन व प्राचार्य बीरेंद्र देवांगन, वरिष्ठ शिक्षक हीरालाल साहू, दिनेश तिवारी व विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कलेक्टर ने कहा- बाढ़ आपदा की स्थिति में प्रभावितों को राहत पहुंचाने सतर्क रहे

# अधिकारी-कर्मचारी नियत समय पर कार्यालय में दर्ज कराये उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिला कार्यालय के दिशा सभा कक्ष में जिलाधिकारियों की बैठक लेकर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी सौंपे गए पदेन दायित्वों का निर्वहन सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय अधिकारी कर्मचारी अपने पदेन दायित्वों का निर्वहन करते हुए योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करें। उन्होंने संवेदनशीलता और गंभीरता का परिचय देते हुए कार्य करने निर्देशित किया।

- रजत जयंती समारोह के लिए विभाग प्रमुख कार्यक्रम नियोजित करने के निर्देश

कलेक्टर शर्मा ने वर्तमान मानसून को मद्देनजर रखते हुए जिले में वर्षा एवं बाढ़ आपदा की जानकारी ली। कलेक्टर ने राजस्व सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में कहीं भी बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर तत्काल प्रभावितों को राहत पहुंचा जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि चिन्हांकित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर पैनी नजर रखें। बाढ़ आपदा की स्थिति निर्मित होने पर प्रभावितों को राहत पहुंचाने में विलंब ना हो यह सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को नियत समय पर कार्यालय में उपस्थित रहकर कार्य संपादित करने निर्देशित किया है। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि निर्धारित समय में कार्यालय में उपस्थित नहीं होने वाले अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी कर्मचारी नियत समय का ध्यान रखें और कर्तव्य निर्वहन प्राथमिकता से करें।

कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य गठन की 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे रजत जयंती कार्यक्रम के संबंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उल्लेखनीय है छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य शासन द्वारा रजत जयंती आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। यह आयोजन 15 अगस्त से अगले साल 6 फरवरी तक आयोजित होगा। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण 15 अगस्त से 31 अक्टूबर तक एवं दूसरा चरण 1 नवंबर से 6 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। रजत जयंती के अवसर पर राज्य शासन के सभी विभागों के द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान विभागीय योजनाओ के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर शर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रजत जयंती कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एक निर्धारित कार्यक्रम तैयार कर लें। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने कहा कि रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन शासन की मंशा अनुरूप होनी चाहिए। इस अवसर पर एडीएम डॉ. अनिल बाजपेई एवं सर्व एसडीएम उपस्थित थे।

### अजजा के जरूरतमंदों को शीघ्र मिले न्याय

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अंतर्गत न्यायालयों में दर्ज प्रकरणों में यथाशीघ्र कार्यवाही करते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने एवं पीड़ितों को न्याय दिलाने में प्राथमिकता सुनिश्चित करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अंतर्गत दर्ज प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए आवश्यक सहायता एवं मुआवजा राशि वितरण कार्य में शीघ्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दिए जाने वाले प्रोत्साहन राशि स्वीकृति कार्य शीघ्र करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति निवारण अधिनियम अंतर्गत अपराध की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित पुलिस अधिकारी द्वारा तत्परतापूर्वक वहीं कार्रवाई कर अपराध कायम किया जाए। उन्होंने कहा कि अत्याचार से पीड़ित व्यक्ति उसके आश्रित तथा साक्षियों को आवश्यक यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता, भरण पोषण एवं परिवहन की सुविधा मुहैया कराया जाए। उन्होंने कहा कि दोषियों की तत्परता पूर्वक गिरफ्तारी एवं उनके विरुद्ध अभियोजन के साथ विशेष न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया जाए। विशेष लोक अभियोजन द्वारा न्यायालय में प्रभावी रूप से अभियोजन के पक्ष की प्रस्तुति किया जाए। विशेष न्यायालय द्वारा दोष मुक्ति के प्रकरणों में दोष मुक्ति के कारणों का स्पष्ट उल्लेख हो, एवं अपील योग्य प्रकरणों में अपील की कारवाई किया जाये। अपराधियों के विरुद्ध शीघ्रता से गिरफ्तारी की कारवाई किया जाए।

## अवैध शराब बिक्री बंद कराने जोहार पार्टी ने कंडरका चौकी प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

प्रदेश की उभरती हुई राजनितिक पार्टी जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के द्वारा कंडरका पुलिस चौकी में रविवार को कंडरका पुलिस चौकी प्रभारी को क्षेत्र में लगातार हो रहे।अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही कर प्रतिबंध लगाने हेतु ज्ञापन सौंपा है।

जोहार छत्तीसगढ़ द्वारा सौंपे गए।उ ज्ञापन में उल्लेख है कि क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध शराब बिक्री की वजह आने वाली पीढ़ी का भविष्य खराब हो रहा है साथ ही क्षेत्र में कई दुर्घटनाएं भी लगातार बढ़ रही है जो कि अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही कर प्रतिबंध लगाने से प्रतिबंधित हो सकती है। कंडरका चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपने के दौरान जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के बेरला ब्लॉक अध्यक्ष धनंजय निषाद, जितेंद्र वर्मा, पिंटू वर्मा, मोहित साहू, राजा वर्मा, प्रदीप वर्मा, जागेंद्र वर्मा, विजय निषाद, हितेश चक्रधारी, भूषण निषाद, नरेन्द्र निषाद, भूषणप्रताप , जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी जिला मिडिया प्रभारी नंदू निषाद आदि मौजूद रहे।

## विदाई समारोह में शिक्षक सौरभ के योगदान को ग्रामीणों ने सराहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला ओटेबंद में शिक्षक सौरभ तिवारी का युक्तियुक्तकरण होने पर शाला परिवार द्वारा विदाई समारोह रखा गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच तारकेश्वर वर्मा, प्रधान पाठक रामखेलावन वैष्णव,शाला विकास समिति के सदस्य ,विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका सहित विद्यार्थी उपस्थित थे। शिक्षक सौरभ तिवारी ने कहा कि वे 2014 से इस शाला में रहे शासन के नियमों के तहत उनका युक्तियुक्तकरण हुआ है। इन 11 वर्षों में उन्हें बहुत कुछ जानने समझने को मिला। हम सभी प्रधान पाठक के कुशल मार्गदर्शन में बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता के लिए अनेक प्रयास किए। सभी एक परिवार के सदस्य की भांति अपनी -अपनी जिम्मेदारियां निभाई। इसमें ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग मिला रहा जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश थी कि विद्यार्थी शिक्षा के साथ संस्कारवान हो इसके लिए समय-समय पर अनेक कार्यक्रम आयोजित करते रहे है। कही संसाधनों की कमी महसूस होती थी वहां स्वयं एवं समाजसेवियों से मदद लेते थे परिणाम स्वरूप हमारी शाला उत्कृष्ट शाला के रूप मे पहचाने जाने लगा जो हमेशा यादगार रहेगा।

शाला के प्रधान पाठक रामखेलावन वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक सौरभ तिवारी ने बच्चों की शिक्षा के साथ अनेक उपयोगी कार्य करते रहे जिसे भुलाया नहीं जा सकता। ग्राम सरपंच तारकेश्वर वर्मा ने शिक्षक के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। पश्चात शिक्षक का शाल-श्रीफल सहित स्मृति चिन्ह भेंट का सम्मान किया गया। आभार शिक्षिका भुनेश्वरी शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में शाला की शिक्षिका सुनीता साहू, भुनेश्वरी शर्मा, फागुराम लहरें, सावित्री साहू नंदनी साहू, केशव साहु,कोमल सेन,स्मृति गायत्री वर्मा, केवरा वर्मा, गनेश्वरी साहू, सहित विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## गुरुकुल विद्यालय में तिरंगा अंगीकार दिवस मनाया गया



**नवागढ़र।** गुरुकुल विद्यालय नवागढ़ में मंगलवार को तिरंगा अंगीकार दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने तिरंगा बनाकर राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट किया। नर्सरी के तुषार श्रीवास्तव द्वारा लाया गया तिरंगा विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा तुषार को तिरंगा बैज लगाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रशांत मार्कण्डेय, पलक सोनकर, पारुल यादव, युवराज, स्मृति साहू, लक्ष्य साहू, ओम विश्वकर्मा और ओजस्वी सोनकर द्वारा बनाए गए तिरंगों ने सबका ध्यान खींचा। इनमें ओम विश्वकर्मा के पिता भारतीय सेना में सेवा दे रहे हैं, जिससे कार्यक्रम को एक भावनात्मक आयाम भी मिला।

विद्यालय के संचालक राजेश धर दीवान ने बच्चों को तिरंगे के महत्व पर संबोधित करते हुए बताया कि 22 जुलाई 1947 को हमारे राष्ट्रीय ध्वज को आधिकारिक रूप से अंगीकृत किया गया था। उन्होंने कहा कि केसरिया रंग साहस और बलिदान, सफेद रंग शांति और सच्चाई, हरा रंग समृद्धि और विकास का प्रतीक है, जबकि अशोक चक्र प्रगति और नैतिकता का संदेश देता है। दीवान ने अपील की कि सभी विद्यार्थी राष्ट्रध्वज के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और एक सशक्त भारत निर्माण में भागीदार बनें। विदित हो कि गुरुकुल विद्यालय में 23 जनवरी 2016 से लगातार नियमित ध्वजारोहण किया जा रहा है, और यह परंपरा इस वर्ष दसवें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है।

## शिक्षा और पोषण समाज की है बुनियाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ज़िला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने मंगलवार को ग्राम हसदा स्थित शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला, मिडिल स्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल और सरस्वती शिशु मंदिर का दौरा कर शिक्षा की गुणवत्ता और मिड-डे मील योजना की जमीनी हकीकत जानी। उन्होंने कक्षाओं में जाकर बच्चों से बातचीत की और पढ़ाई-लिखाई की स्थिति का आकलन किया। किताबों की उपलब्धता, शिक्षकों की उपस्थिति और पठन-पाठन के माहौल का बारीकी से अवलोकन किया।

- जिलाह पंचायत अध्यक्ष ने स्कूलों का निरीक्षण

मिड-डे मील योजना की समीक्षा के दौरान भोजन की गुणवत्ता, मात्रा और स्वच्छता की जांच की गई। बच्चों ने भोजन की गुणवत्ता को लेकर संतोष जताया। निरीक्षण के दौरान एक आत्मीय दृश्य भी देखने को मिला, जब तिवारी बच्चों के साथ ज़मीन पर बैठीं और संवाद किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षा और पोषण समाज की बुनियाद हैं। हमारा लक्ष्य है कि हर बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाए और स्वस्थ रहे। ग्रामीणों, पालकों और शिक्षकों ने ज़िला पंचायत अध्यक्ष के इस निरीक्षण की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल से शासन और जनता के बीच विश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास भारतीय जनता पार्टी की सरकार की शिक्षित और विकसित छत्तीसगढ़ की सोच को साकार करता है।

### भिंभौरी में हुई पावस काव्य गोष्ठी, जयंती पर डॉ.खूबचंद बघेल को किया याद

# रचनाकार ही संस्कृति और सभ्यता का है आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



भिंभौरी क्षेत्र में लगातार साहित्यिक आयोजनों को लेकर सक्रिय सुग्घर साहित्य समिति की पावस काव्य गोष्ठी का आयोजन नगर पंचायत भिंभौरी के बदना महादेव मंदिर स्थल संस्कार भवन में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना के साथ की गई।

इसके पश्चात छंदकार लिलेश्वर देवांगन ने प्रथम प्रस्तुति देकर तालियां बटोरी। वहीं कवयित्री मानसी मानस ने बेटियों पर अपनी रचना प्रस्तुत की। गीतकार मनीदास मानिकपुरी ने भगवान शिव की महिमा का गान किया। इसके पश्चात सुग्घर साहित्य समिति के नए सदस्य विपिन यादव ने भी रचना से समां बांधा। गीतकार दीपक निषाद ने छंद रचना प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया, व्यंग्यकार विकास कश्यप ने अपनी कविता सड़क ल बनवा देतेव गा साहब पढ़कर क्षेत्र के खराब सड़कों को लेकर तंज कसा। हास्य कवि ईश्वर निषाद ने अपनी रचना से सबको लोटपोट कर दिया। लोकगायक दिलीप टिकरिहा ने डॉ. खूबचंद बघेल की स्मृति में स्वरचित रचना का सुमधुर गायन किया। गीतकार ताकेश्वर साहू ने मानवीय मूल्यों के गीत से जन जागरण का कार्य किया। कवयित्री काजल कश्यप ने तस्वीरों की खूबसूरती पर रचना प्रस्तुत की। गीतकार नारायण प्रसाद वर्मा चंदन ने सैनिकों की बलिदान पर अपनी रचना से सबको भाव विभोर कर दिया। जामुल के स्माइल आजाद ने महंगाई और गरीबी के दुःख को अपनी पंक्तियों में पिरोया। चन्द्रकुमार बर्मन ने गजलों से समां बांधा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भगवताचार्य सालिक राम वर्मा सेवा निवृत प्रबंधक कृषि अभियांत्रिकी विभाग रायपुर, टीकम सिंह वर्मा, मानस मर्मज्ञ हरिशंकर वर्मा, ग्राम सभा अध्यक्ष साहू मौजूद रहे। मानस मर्मज्ञ हरिशंकर वर्मा ने सभी रचनाकारों के रचनाओं की समीक्षा करते हुए उनकी सराहना की। संस्कार भवन के संस्थापक सालिक राम वर्मा ने कहा कि आज महंगाई का दौर है, फिर भी लोग नशे में अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं।

यह अनुचित है। इस वजह से संस्कार भवन में उनका प्रवेश वर्जित है। उन्होंने कहा कि साहित्यिक गतिविधियों के लिए बदना महादेव मंदिर नगर पंचायत भिंभौरी में स्थित संस्कार भवन सदैव निःशुल्क उपलब्ध है। रचनाकार ही संस्कृति और सभ्यता का आधार है। कार्यक्रम का सम्पूर्ण संचालन ओज कवि कमलेश वर्मा के द्वारा किया गया।

